छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल, रायपुर

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Website- https://vyapamcg.cgstate.gov.in, https://cgssb.cgstate.gov.in

क्रमांक / एस.एस.बी. / परीक्षा एफ–20 / 2026 / 4562 रायपुर, दिनांक 17/11/26

विधि और विधायी कार्य विभाग के सहायक ग्रेड–3 एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहायक ग्रेड–3 / प्रोसेस राइटर पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा (LAG26) के प्रथम चरण परीक्षा परिणाम (कौशल परीक्षा के लिए पात्र अभ्यर्थियों) के सम्बंध में विज्ञप्ति

विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा सहायक ग्रेड–3 पद एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सहायक ग्रेड–3 / प्रोसेस राइटर पदों हेतु प्रेषित प्रस्तावों के आधार पर मण्डल द्वारा **संयुक्त भर्ती परीक्षा (LAG26)** का आयोजन दिनांक 06-09-2026 को किया गया था।

उक्त भर्ती परीक्षा का मॉडल उत्तर मण्डल की वेबसाइट पर दिनांक 18.09.2026 को प्रदर्शित किया गया एवं प्राप्त दावा–आपत्तियों का निराकरण विषय विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

सहायक ग्रेड–3 एवं सहायक ग्रेड–3 / प्रोसेस राइटर के विज्ञापित कुल रिक्त पदों के 05 गुना अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा उपरांत कौशल परीक्षा के लिए पात्र घोषित किया गया है । लिखित परीक्षा में समान अंक प्राप्त करने पर विभागीय नियमानुसार अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता प्रदान की गई है । प्रथम चरण परीक्षा परिणाम दिनांक 17-11-2026 को मण्डल की वेबसाइट **https://cgssb.cgstate.gov.in** पर परीक्षार्थियों हेतु उपलब्ध है ।

17 Nov 2026

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल
रायपुर